वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 अंक-47 सागवाड़ा, सोमवार, 11 अक्टूबर, 2021 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

रीट परीक्षा में कथित रूप से पेपर लीक के मामले और बिजली कटोती को लेकर भाजयुमो का प्रदर्शन

डूंगरपुर। जिले में भाजयुमो ने रीट भर्ती परीक्षा में कथित रूप से पेपर लीक के मामले, बिजली कटोती सहित सरकार की अन्य दमनकारी नीतियों के विरोध में आज कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभु पंड्या, सुरेश फलोजिया, भाजयुमो जिलाध्यक्ष कल्पेश भारती के नेतृत्व में भाजपा व भाजयुमो के कार्यकर्ता कलेक्ट्री के सामने एकत्रित हुए और जमकर प्रदर्शन किया। भाजयुमो ने राज्य सरकार और शिक्षा मंत्री गोविंद डोटासरा को बर्खास्त करो के नारे लगाए और विरोध जताया। प्रदर्शन के बाद भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता ज्ञापन देने के लिए कलेक्ट्री के अंदर जाने लगे तो पुलिस ने 5 सदस्यों के प्रतिनिधि मंडल को अंदर आने का कहते हुए मैन गेट पर रोकने का प्रयास किया तो भाजपा के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए अंदर घुसने लगे, जिस पर पुलिस को भाजपाइयों में धक्का-मुक्की भी हुई ओर भाजपा कार्यकर्ता नारेबाजी के साथ कलेक्ट्री पोर्च तक पंहुच गए।

इसके बाद भाजपा कार्यकर्ता कलेक्ट्री के दूसरे गेट में घुसने लगे तो पुलिस ने चैनल गेट को बंद करते हुए रोक लिया तो कार्यकर्ताओ ने जमकर नारेबाजी की। इसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभु पंड्या ने पुलिस के इस बर्ताव पर जमकर नाराजगी भी जताई 7 इसके बाद भाजयुमो की ओर से राज्यपाल के नाम कलेक्टर सुरेश ओला को ज्ञापन सौंपा गया। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभु पंड्या ने कहा कि रीट परीक्षा का पेपर लीक में मुख्य आरोपी बत्तीलाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन इसमें कई बड़े नाम है, जिन पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। पेपर लीक से लाखों परीक्षार्थियों के भविष्य दांव पर लग गया है और जिन लोगो ने गलत तरीके से पेपर दिया है वे पास हो जाएंगे और पढ़ाई करने वाले छात्र व वंचित रह जाएंगे। गहलोत सरकार डोटासरा को बर्खास्त करें और रीट परीक्षा को फिर से करवाने की मांग रखी। इसके अलावा प्रदेश में बिजली समस्या, बिजली के बिलों में बढ़ोतरी का विरोध समेत कई मांगे रखी है।

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर सभापति ने उतारी बेटियों की आरती, चुनरी ओढ़ाकर लिया आशीर्वाद

डूंगरपुर नगर परिषद में हुआ आयोजन,कराटे क्लास में बेटियों से संवाद किया

डूंगरपुर। नवरात्रि के पावन पर्व और अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में सभापति अमृत कलासुआ ने कराटे क्लास में बेटियों से संवाद किया और बेटियों की आरती उतारी। सोमवार को नगरपरिषद द्वारा कराटे क्लास में अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरपरिषद सभापति अमृत कलासुआ रहे वही कार्यक्रम की अध्यक्षता उपसभापति सुदर्शन जैन रहे। विशिष्ट अतिथि पार्षद प्रियंका रोत, फरजाना और नितिन चौबीसा रहे। कार्यक्रम सम्बोधित करते हुए सभापति अमृत कलासुआ ने कहा कि आज के युग में बेटियां चांद पर जाकर देश का परचम लहरा रही है वही बेटियां देश की सीमा पर अपनी वीरता का प्रदर्शन कर रही है सच मायने में कहे तो आज बेटियां किसी भी मामले में बेटो से कम नहीं है पर आज भी समाज बेटियों को पढ़ने और खेलने की आजादी नहीं रहा है। उन्होंने ऐसे लोगो पर तंज कसते हुए कहा कि बेटियां एक नहीं दो घरो का नाम रोशन करती है बेटियों से ही संसार है ।

अतिशय क्षेत्र योगीन्द्र गिरी पर सिद्ध चक्र महामण्डल विधान 13 से 20 अक्टूबर तक

आचार्य अनुभव सागरज महाराज ससंघ सानिध्य में होगा धार्मिक आयोजन

सागवाड़ा। स्थानीय श्री योगीन्द्र गिरी दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पर 13 से 20 अक्टूबर तक प्रखर वक्ता आचार्य अनुभव सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में यजमान भूरी देवी रतनलालजी खोडनिया परिवार द्वारा आठ दिवसीय सिद्ध चक्र महामण्डल विधान होगा। समाज के प्रतिष्ठाचार्य विनोद पगारिया ने बताया कि सकल दिगम्बर जैन समाज के संयोजन मे आयोजित आठ दिवसीय यह आयोजन संहितासूरि प्रतिष्ठाचार्य श्री हंसमुख जी जैन धरियावद के तत्वावधान मे सम्पन्न होगा। आयोजन समिति के दिनेशजी खोडनिया ने बताया कि 13 अक्टूबर बुधवार को प्रात: दिगम्बर जैन बोर्डिंग के मे विराजित आचार्य अनुभव सागर महाराज ससंघ को अर्घ समर्पित कर गुरु आज्ञा विधि पूर्ण कर स्थानीय श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन गांधियों का मन्दिर से आचार्य संघ ,समाज जन के सानिध्य मे आदिनाथ भगवान की प्रतिमा एवम सिद्धचक्र मण्डल यंत्र को रजत पालकी गंधकुटी में विराजित कर बैण्ड बाजें के साथ शोमायात्रा के रूप मे अतिशय क्षेत्र योगीन्द्र गिरी लाया जाएगा जहा पर विधान मण्डल पर प्रतिमा जी एवम यंत्र विराजित कर खोडनिया परिवार द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। 14 से 19 तक प्रतिदिन सुबह 7 बजे से जिनेन्द्र भगवान का अभिषेक ,शान्तिधारा, नित्यमह पूंजन,विधान पूंजन एवम आचार्य अनुभव सागर जी का प्रवचन होगा वही सांय आरती एवम सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

रोजगार शिविर के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित 18 अक्टूबर तक

डूंगरपुर। जिला रोजगार कार्यालय डूंगरपुर द्वारा सेंट्रल इंस्टिटयूट ऑफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी (सीपेट) जयपुर के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण सह रोजगार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी, डूंगरपुर ने बताया कि भारत सरकार की अग्रणी संस्था सिपेट जयपुर में जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग राजस्थान सरकार के आर्थिक सहयोग से पहले नि:शुल्क आवासीय रोजगारपरक कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

बेटे को जन्म देने के बाद एक प्रसूता की अत्यधिक रक्तस्त्राव से मौत

सागवाड़ा अस्पताल के गायनिक वार्ड के सामने ही शव को रखकर हंगामा, डॉक्टर पर लापवाही के आरोप

सागवाड़ा। बेटे को जन्म देने के बाद एक प्रसूता की अत्यधिक रक्तस्त्राव से मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजनों ने सागवाड़ा अस्पताल के गायनिक वार्ड के सामने ही शव को रखकर हंगामा कर दिया और डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। सागवाडा थाना पुलिस के अनुसार लिम्बोड बड़ी निवासी लक्ष्मी रेबारी के रविवार आधी रात करीब 1 बजे प्रसव पीड़ा हुई। जिस पर पति अखेराज रेबारी और परिवार के लोग सागवाडा पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय अस्पताल लेकर आए। डॉक्टर ने जांच कर उसे भर्ती करते हुए इलाज शुरू कर दिया। सोमवार सुबह करीब 6 बजे लक्ष्मी ने एक बेटे को जन्म दिया। बेटे को जन्म के बाद लक्ष्मी के रक्तस्त्राव शुरू हो गया, जिससे उसकी तबियत बिगड़ गई। रक्तस्त्राव नहीं रुकने पर महिला को डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। परिजन डूंगरपुर लेकर आते समय गोवाड़ी के पास तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर सागवाडा के एक निजी अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद प्रसूता को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों ने डॉक्टर पर लापवाही के आरोप लगाते हुए शव को गायनिक वार्ड के सामने रख दिया और हंगामा किया। घटना की सूचना पर सागवाडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से समझाइश करते हुए कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके करीब 4 घंटे बाद पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल पुलिस घटना को लेकर जांच में जुटी है। प्रसूता के दो बेटियां भी है।

जेटीए की हड़ताल के 9 वें दिन भी धरना प्रदर्शन, मरीजों को फल बांटे

डूंगरपुर। जेटीए की हड़ताल के 9 वें दिन भी धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदेश कमेटी के आव्हान पर जिले के समस्त कनिष्ठ तकनीकी सहायक की ओर से जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किए गए।यह जानकारी जिला अध्यक्ष मोहम्मद हाशिम ने बताया कि प्रार्थना की गई के सरकार को जल्द सद्बुद्धि आवे ओर 12 साल से अल्प वेतन संविदा पर कार्य कर रहे जेटीए को नियमित किया जावे। सरकार से लिखित समझोता होने के बाद भी कोई उचित कार्यवाही जेटीए के पक्ष में नहीं हुई है।

इस दौरान जिला महासचिव निकेश पांड्या, कीर्ति वैष्णव, जिला संरक्षक छगन कलासुआ, प्रेमनारायण परमार, सागवाड़ा ब्लॉक अध्यक्ष हितेश पाटीदार, गलियाकोट ब्लॉक अध्यक्ष भावेश पाटीदार, अरुण पाटीदार, मनीष जैन, जयेश जैन, सुरेश पाटीदार, छगन, कांति, प्रतीक मौजूद थे।

43 वर्ष से लंबित समस्या का हुआ समाधान, दिव्यांग मंजू का हाथों-हाथ बना प्रमाण पत्र

प्रशासन गांवों के संग अभियानमें मिल रही राहत

डूंगरपुर। खातेदार धूलजी एवं शंकर निवासी गोल के पिताजी नाथूलाल ठाकुर की मृत्यु 1978 में होने से गांव गोल के 1.6747 हैक्टयर भूमि विरासत इंतकाल से दोनों भाइयों के नाम से दर्ज रिकॉर्ड है। सन 1978 के बाद से दोनों भाइयों का सामलात खाता होने की वजह से सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था।ब प्रशासन गांव के संग अभियान के तहत दोनों भाइयों के शिविर में उपस्थित होने पर तथा बंटवारा कराने का आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर शिविर प्रभारी उपखंड अधिकारी प्रवीण कुमार मीणा ने मौके पर बंटवारा कर नामांतरण दायर कर पटवारी की प्रतियां हाथों-हाथ उपलब्ध करवाई । इस अवसर पर आसपुर विधायक गोपीचंद मीणा भी मौजूद रहें तथा लाभार्थियों को राहत प्रदान की। पंचायत समिति डूंगरपुर के मझोला में शिविर प्रभारी एवं उपखंड अधिकारी मणीलाल तीरगर ने बताया कि मृतक नाना के दो पूत्र हरीश और हकरा में से नाना की मृत्यु होने पर हरीश का नाम जुड गया तथा उसके बच्चों का भी नामातकरण हो गया परंतु हकरा का नामातकरण नही हो पाया।

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की माता का निधन, भाजपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

जोधपुर। सांसद केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की माता मोहन कंवर चम्पावत पत्नी शंकर सिंह शेखावत मेहरोली (जलदाय विभाग से सेवानिवृत अतरिक्त मुख्य अभियन्ता) का रविवार को दिल्ली में निधन हो गया। माताश्री का जोधपुर में कागा राजपूत शमशान गृह में सोमवार को दोपहर एक बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा। शेखावत ने ट्वीट करके कहा, पुज्या माताश्री श्रीमती मोहन कंवर जी आज रात स्वर्गवासी हो गईं। उनका उपचार एम्स दिल्ली में चल रहा था। मां का नहीं होना मेरे जीवन की सबसे बड़ी क्षति है। कल जोधपुर में उनकी अंत्येष्टि की जाएगी। निवेदन है कि ईश्वर से हमारे परिवार के लिए शांति और संबल की प्रार्थना करें। शांति! मंत्री शेखावत की माताजी मोहन कंवर गत काफी समय से बीमार थीं। उनका काफ़ी समय से श्वास सम्बंधी बीमारी का दिल्ली एम्स में इलाज चल रहा था। सरल सौम्य स्वभाव की धनी धार्मिक प्रवृत्ति की मोहन कंवर चम्पावत समाजसेवा से जुड़ी रही। मंत्री शेखावत की माताजी के निधन पर सांसद कनकमल कटारा, पूर्व मंत्री सुशील कटारा, पूर्व विधायक अनिता कटारा , जिलाध्यक्ष प्रभु पंड्या, पूर्व सभापति केके गुप्ता, प्रधान ईश्वर सरपोटा, पूर्व प्रधान रेखा रोत, सुनील पंड्या समाज सेवी लक्ष्मण पंचाल सहित कई भाजपा नेताओं ने श्रद्धांजलि दी।

विधिक सेवाओं के प्रचार-प्रसार के लिए डाककर्मियों को दिया प्रशिक्षण

डूंगरपुर। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) डूंगरपुर भंवर लाल बुगालिया के मार्गदर्शन में नि:शुल्क विधिक सहायता और विधिक सेवाओं के जिले के प्रत्येक नागरिक तक प्रचार प्रसार करने के उद्देश्य से बनाई गई ।

योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले के डाककर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कांफ्रेंस हॉल में प्राधिकरण सचिव (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) अमित सहलोत की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस मौके पर अधिवक्ता जितेन्द्र पण्ड्या द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही स्कीमों यथा नि:शुल्क विधिक सहायता, पीडित प्रतिकर स्कीम एवं विधिक परामर्श तथा सामाजिक विधानों, स्कीमों का किस प्रकार लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सके इस बारे में विस्तृत जानकारी दी।

आईएएस परीक्षा पास करने वाली प्रेक्षा का साबला पहुंचने पर हुआ स्वागत

साबला। आईएएस परीक्षा उतीर्ण करने के बाद डूंगरपुर जिले के साबला कस्बे की निवासी प्रेक्षा कोठारी के आज पहली बार कस्बे में पहुचने पर समाजजनों सहित ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया । कस्बे के मावजी सर्कल पर आईएएस प्रेक्षा कोठारी का श्री दिगम्बर जैन सहित सर्व समाज के लोगों ने फूल मालाओं के साथ भव्य आगवानी की। मावजी सर्कल से स्वागत यात्रा के रूप में प्रेक्षा अम्बिका गरबा चोक पहुची जहा मां अम्बे के दर्शन किये। वही श्री पदम प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में सोलह श्रंगार की पूजन थाली व श्री फल के साथ भगवान की आराधना की। मंदिर में जैन समाज की ओर से प्रेक्षा का समाज के वरिष्ठजनो ने श्रीफल व शॉल ओढ़ाकर सम्मान व अभिनन्दन किया। इस मौके पर प्रेक्षा ने कहा की महिला सशक्तिकरण के साथ गरीब तबके के लोगो को हर सरकारी योजना का भरपूर लाभ दिलवाने का वे प्रयास करेंगी गौरतलब है आईएएस से पूर्व प्रेक्षा ने दिल्ली के जवाहरलाल विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र से एमए किया। ओर तैयारी करते हुए इकोनॉमिक सर्विसेज (आईईएस)में ऑल इंडिया में छठी रेंक हासिल की है। वही आईएएस में प्रेक्षा ने 309 वी रैंक हासिल की है । प्रेक्षा अपनी इस सफलता के पीछे दादाश्री स्वर्गीय कांतिलाल कोठारी का आशीर्वाद और माता संगीता देवी व राजेश कोठारी की प्रेरणा मानती है।

भवन निर्माण, स्टेट ग्रांट और आबादी भूमि के आवेदन का हो रहा निस्तारण

प्रशासन शहरों के संग अभियान, कल वार्ड 2 का शिविर

सागवाड़ा। प्रशासन शहरों के संग अभियान में आ रहे आवेदनों के निस्तारण का कार्य पालिका प्रशासन की ओर से शुरु कर दिया है। पालिका की ओर से अब तक पांच वार्डों में यह शिविर लगाए जा चुके हैं। पांच्च वार्डों में शहरवासियों से प्राप्त आवेदनों के आधार पर इनके निस्तारण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पालिकाध्यक्ष नरेंद्र भाई खोडनिया ने बताया कि लोगों के 90ए, भवन निर्माण स्वीकृति सहित सहित ऐसे कार्य होते थे जिनके लिए उन्हें पालिका आना पड़ता था लेकिन अब शिविर के माध्यम से उनके आवेदन मौके पर ही लिए जा रहे है। खोडनिया ने बतिया कि अभी तक हुए शिविर में 90 ए के 20, स्टेट ग्रांट के 235, भवन निर्माण के 68 और नामांतरण के 54 आवेदन आए है। इन सभी आवेदनों के निस्तारण की प्रक्रिया शुरु हो गई है। इससे नगर पालिका को करीब 30 लाख रुपए की आय भी हुई है। इसके अलावा अन्य समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जा रहा है। विकास कार्यों को लेकर जो प्रस्ताव आए है उसे लेकर पार्षदों के साथ बैठ कर निर्णय लिये जा रहे है। पालिका उपाध्यक्ष राजुमामा शेख ने बताया कि मंगलवार को इंदिरा कालोनी के सामुदायिक भवन में शिविर लगेगा। मंगलवार को वार्ड नंबर 2 का शिविर होगा। नवरात्रि का अवकाश होने से शिविर 20 अक्टूबर को शुरू होंगे।। 20 अक्टूबर को वार्ड 3 और 21 अक्टूबर को वार्ड 21 का शिविर इंदिरा कालोनी के सामुदायिक भवन होगा।

बालिका दिवस पर 100 बेटियों का सम्मान

आत्मरक्षा के गुर सीख रही बेटियों ने किया कराटे का प्रदर्शन

डूंगरपुर। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर सोमवार को बेटियों के लिए कई कार्यक्रम किए गए। जिलेभर में बेहतर काम करने वाली 100 बेटियों को सम्मानित भी किया गया। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की ओर से शहर के हाउसिंग बोर्ड स्थित अम्बेडकर भवन में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिला स्तरीय समारोह किया गया। कार्यक्रम में दुर्गा आवासीय स्कूल सागवाड़ा माणकपुरा, कस्तूरबा आवासीय स्कूल की ओर से लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। समारोह के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला रहे। जिला परिषद सीईओ अंजली राजोरिया, जिला प्रमुख सूर्या अहारी, नगर परिषद सभापति अमृत कलासुआ भी मौजूद रहे। शहर में आत्मरक्षा के गुर सीख रही बेटियों ने अपना शौर्य प्रदर्शन किया। बेटियों ने कई तरह के मॉडल की प्रदर्शनी भी लगाई। जिसका कलेक्टर सुरेश कुमार ओला व अधिकारियों ने निरीक्षण करते बेटियों से उन मॉडल के बारे में भी जानकारी ली।जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला समेत अधिकारियों ने जिलेभर में अच्छा काम करने वाली 100 बेटियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।